PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Lagaan
Year: 2001

Song: Madhuban Main Jo
Lyricist: Javed Akhtar

मधुबन में जो कन्हैया
किसी गोपी से मिले
कभी मुस्काए कभी छेड़े
कभी बात करे

राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले
आग तन मन में लगे
राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले

मधुबन में भले कान्हा
किसी गोपी से मिले
मन में तो राधा के ही
प्रेम के हैं फूल खिले

किसलिए राधा जले
होय
किसलिए राधा जले
होय
बिना सोचे समझे
किसलिए राधा जले
किसलिए राधा जले

ओ गोपियाँ तारे हैं
चाँद है राधा
फिर क्यों हैं उसको
बिसवास आधा

हो गोपियाँ तारे हैं
चाँद है राधा
फिर क्यों हैं उसको
बिसवास आधा

कान्हा जी का जो सदा
इधर उधर ध्यान रहे
राधा बेचारी को फिर
अपने पे क्या मान रहे

गोपियाँ आनी जानी हैं
राधा तो मन की रानी है
गोपियाँ आनी जानी हैं
राधा तो मन की रानी है
साँझ सखा रे जमुना किनारे
राधा राधा ही कान्हा पुकारे

ओय होय ओय होय

बाँहों के हार जो डाले
कोई कान्हा के गले

राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले
आग तन मन में लगे
राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले

मन में है राधे को

PlanetRead

Literacy for a Billion

कान्हा जो बसाए
तो कान्हा काहे को
उसे ना बताए

प्रेम की अपनी अलग बोली
अलग भासा है
बात नैनों से हो
कान्हा की यही आसा है

कान्हा के ये जो नैना है
जिनमें गोपियों के चैना है
कान्हा के ये जो नैना है
जिनमें गोपियों के चैना है

मिली नजरिया हुई बावरिया
गोरी गोरी सी कोई गुजरिया

कान्हा का प्यार
किसी गोपी के मन में जो पले
किसलिए राधा जले
राधा जले राधा जले
राधा कैसे ना जले

किसलिए राधा जले
राधा कैसे ना जले

किसलिए राधा जले
किसलिए राधा जले
राधा कैसे ना जले
किसलिए राधा जले
किसलिए राधा जले

राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले
राधा कैसे ना जले

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.